एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)






# साजिद खान लड़कियों के साथ असभ्य: बिपाशा

बॉलीवुड डायरेक्टर साजिद खान पर हाल ही में तीन लड़कियों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद उन्हें हाऊसफुल 4 फिल्म से किनारा करना पड़ा। लेकिन इतने में ही उनकी मुश्किलें खत्म नहीं हुईं। अब मशहूर अभिनेत्री बिपाशा बासु ने भी साजिद पर हमला बोलते हुए शब्दों के बाण चलाए हैं। मीटू को समर्थन देते हुए बिपाशा ने सोशल मीडिया पर एक किस्सा पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने साजिद को लड़कियों के साथ असभ्य करार दिया है।

बिपाशा ने पोस्ट में लिखा मुझे खुशी है कि महिलाएं सामने आकर बोल रही हैं कि किस तरह पुरुषों ने अपने पावर को दिखाकर उनका शोषण किया है, लेकिन मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उसका (साजिद खान) महिलाओं के प्रति व्यवहार हमेशा से ऐसा ही रहा है। जो कि फिल्म के सेट पर मुझे डिस्टर्ब करता था। वो खुलेआम गंदे जोक्स बोलता था। लड़कियों के प्रति वो असभ्य था।

उन्होंने कहा कि उसने मेरे साथ ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की। अगर ऐसा होता तो मैं साल 2014 में ही उसके खिलाफ बोल देती। मैं अपनी बात रखने में सक्षम हूं और मैं अपनी बेइज्जती बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं कर सकती। बिपाशा ने कहा कि मैं सभी को बताती थी कि उससे ज्यादा बातें ना करें क्योंकि उसके लेवल तक नहीं जा सकते। एक प्रोफेशनल की तरह फिल्म में बस मैंने अपना काम खत्म किया। इस फिल्म के बाद मैंने तय किया कि उसके साथ कभी काम नहीं करूंगी। उन्होंने कहा तनुश्री को सलाम। उन्होंने कई महिलाओं को आगे आकर बोलने की हिम्मत दी। जिसका अभी तक पुरुष फायदा उठाते आए थे। औरतों के खिलाफ ऐसे पुरुष अपना रुतबा और ताकत दिखाते हैं।

## जब मंदना करीमी को निर्देशक की वजह से छोड़ना पड़ा था काम



मीटू अभियान में कई महिलाओं ने अपनी आप बीती सुनाकर कई संगीन मामलों का खुलासा किया है। इस सूची अब एक और नाम जुड़ गया है। वो नाम है मंदना करीमी का, जिन्होंने क्या कूल हैं हम 3 फिल्म के डायरेक्टर पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस एक्सपीरियंस की वजह से मुझे मेरा प्रोफेशन छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसे मैं बहुत प्यार करती थी। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न का मतलब मुझे छूना नहीं, इसका मतलब मेरी जिंदगी को नरक बनाना है। मैं बहुत तकलीफ में थी। मैं इसके बारे में किसी से बात भी नहीं कर सकती थी। बता दें कि क्या कूल हैं हम 3 को उमेश घाडगे ने डायरेक्ट किया है। मंदाना ने बताया उत्पीड़न तब से शुरू हुआ जब मैंने उमेश के साथ डेट पर जाने से मना कर दिया। उमेश ने सॉन्ग में मेरे स्टेप्स बदलकर मुझे परेशान करना शुरू कर दिया। उसने सॉन्ग में अन्य लोगों को शामिल किया और कहा कि ये फैसला आखिरी वक्त में लिया गया। इतना ही नहीं वो मुझे सेट पर जल्दी बुला लेता था। वो मुझे ऐसे कपड़े पहनने को कहता था जो मेरे लिए नहीं थे।

## उम्मीद है कि मी टू अभियान असफल नहीं होगा : मौनी रॉय



अभिनेत्री मौनी रॉय को उम्मीद है कि देश में चल रहा मी टू अभियान अन्य मुद्दों की तरह असफल नहीं होगा। मौनी अपनी आगामी फिल्म मेड इन चाइना की शूटिंग में व्यस्त हैं। मौनी शुक्रवार को यहां बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में मीडिया से बात कर रही थीं। अभियान पर प्रतिक्रिया देते हुए मौनी ने कहा, यह वह समय हैं, जब महिलाओं को अपनी जिंदगियों में सामना किए गए उत्पीड़न के खिलाफ बोलना चाहिए। अगर वे इसके बारे में अभी नहीं बोलेंगी तो कब बोलेंगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें अपने मामले को अदालत में ले जाना चाहिए लेकिन यह तभी होगा जब आप वर्तमान हालात के बारे में बात करेंगे क्योंकि कुछ मामले हैं, जो कई साल पहले हुए हैं, जिसमें न्याय पाने के लिए कोई सबूत नहीं बचे हैं। मुझे लगता है कि चाहे वह पुरुष हो या महिला, जो किसी प्रकार के भी उत्पीड़न का सामना कर रहे हों उन्हें आगे आकर बोलना चाहिए क्योंकि यह बहुत जरूरी है।

उन्होंने आशा जताई कि देश में चल रहा यह अभियान असफल नहीं होगा। उन्होंने कहा, न केवल फिल्म जगत , मुझे वास्तव में लगता है हमारे पड़ोस या कभी कभार हमारे परिवारो में लड़के और लड़कियां समेत छोटे बच्चों को भी इसी तरह के उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है क्योंकि वह इसके बारे में नहीं बोल पाते। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ आशा और प्रार्थना करती हूं कि यह अभियान असफल नहीं होगा क्योंकि हमारे देश में कभी कभार कुछ विशेष मुद्दे गति पकड़ लेते हैं और कुछ दिनों बाद कोई भी उनके बारे में न तो बात करता हैं और न ही उन्हें याद करता है। मेड इन चाइना में अभिनेता राजकुमार राव, बोमन ईरानी जैसे कलाकार हैं, यह फिल्म अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी।



# कोंकणा और भूमि को लेकर फिल्म बनायेगी एकता कपूर

बॉलीवुड की जानी मानी फिल्मकार एकता कपूर, कोंकणा सेन शर्मा और भूमि पेडनेकर को लेकर फिल्म बनाने जा रही है। एकता कपूर निर्देशक अलंकृता श्रीवास्तव के साथ मिलकर महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रही है। अलंकृता की निर्देशित पिछली फिल्म लिपस्टिक अंडर माई बुरका बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी थी। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

अलंकृता श्रीवास्तव के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म के लिये कोंकणा सेन शर्मा और भूमि पेडनेकर का चयन किया गया है। फिल्म की शूटिंग अगले हफ्ते शुरू की जा सकती है।



# दशहरा के आइटम नंबर में तड़का लगाएंगी स्कारलेट विल्सन

एक्टर नील नितिन मुकेश और टीना देसाई अभिनीत फिल्म दशहरा को साल की सबसे बड़ी फिल्म बताया जा रहा है. इसके ट्रेलर के अनुसार थोड़े भी परिणाम आए तो यह नील नितिन मुकेश की मुख्य भूमिका वाली पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म हो सकती है. दशहरा का पहला आइटम नंबर माई रे है. फिल्म निर्माताओं के अनुसार यह गाना सर्दी के मौसम में पारा बढ़ाने के लिए तैयार है. फिल्म निर्माताओं ने गाने में बाहुबली फेम स्कारलेट विल्सन से जमकर अंग प्रदर्शन कराया है.

फिल्म का नाम दशहरा है तो इस नाम को सार्थक करने वाले किसी गाने का ना होना गलत होता. माई रे ने ऐसा किया और कहा जा रहा है कि यह गाना साल का सबसे हिट गाना होगा. रेखा भारद्वाज और मधुश्री की आवाज के लिए विशेष रूप से निर्मित इस गाने के शब्दों पर आपके पैर खुद ही थिरकने लगते हैं. रेखा भारद्वाज और मधुश्री द्वारा गाए गए इस गाने को राजीव में लिया जाना था. वहीं वर्तमान फिल्म में भी इसे श्रेय दिया जाना चाहिए कि यह आगे बैठने वालों को एक्साइटेड करने के लिए आदर्श गाना है.

मनीष वत्सल द्वारा निर्देशित, अपर्णा एस. होसिंग द्वारा निर्मित इस फिल्म के क्रिएटिव हेड सौरभ चौधरी हैं. मंथन के लिखे गीत को संगीत विजय वर्मा ने दिया है.दशहरा में नील नितिन मुकेश अपने 11 साल के फिल्मी करियर में पहली बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं. फिल्म में टीना देसाई और गोविंद नामदेव भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे. फिल्म की कहानी सौरभ चौधरी ने लिखी है और रश प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्म का निर्माण अपर्णा एस. हाउसिंग ने किया है. दशहरा क्राइम और पॉलिटिक्स से प्रेरित एक राजनीतिक थ्रिलर है. फिल्म एक राजनीतिक रूप से अस्थिर राज्य की पृष्ठभूमि के इर्द-गिर्द घूमती है, जो राजनेता माफिया नेटवर्क, गंभीर अपराधों की एक जगह, चालाक राजनेता, दुस्साहसी अपराधियों को दिखाती है.

## कोमोलिका के रूप में हिना खान करने जा रही हैं नई शुरुआत



पिछले दिनों कसौटी जिंदगी के 2 को लेकर हिना खान काफी समय तक चर्चा में रहीं। कहा जा रहा था कि इस शो में हिना खान कोमोलिका के किरदार में नजर आएंगी। हालांकि, प्रोमो में कुछ झलकियां तो दिखीं, लेकिन उसमें यह साफ नहीं हुआ कि कोमोलिका का रोल हिना ही निभा रही हैं। अब हिना ने भी इसे लेकर इशारा कर दिया है।

हालांकि, बाद में ऑरिजनल कोमोलिका उर्वशी ढोलकिया ने यह कन्फर्म किया कि इस शो के रीबूट वर्ज़न में हिना खान ही होंगी। ...और आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ और अब बताया जा रहा है कि हिना खान ने इस शो के लिए अपने रोल की शूटिंग शुरू कर दी है। दरअसल हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक सेल्फी शेयर की है, जिसके कैप्शन में लिखा है, जर्नी की शुरुआत आज।

हिना खान ने एक छोटा सा विडियो भी शेयर किया है और कहा है, नई शुरुआत। बता दें कि 25 सितम्बर से इस शो की शुरुआत हो चुकी है, जिसमें अनुराग और प्रेरणा के लव स्टोरी आज भी दर्शकों को दीवाना बना रही है।